प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 24.04.2026

- **आवेदिका का मोबाइल खो जाने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा यू.पी.आई. के माध्यम से आवेदिका के खाते से ₹ 88,675/- रुपये ट्रान्सफर कर लेने के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा साइबर हेल्प डेस्क रनियां पर शिकायत दर्ज करायी गयी।**
- **थाना रनिया पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 45,654/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्रीमती ज्योति पत्नी गजेन्द्र कुमार निवासिनी ग्राम फतेहपुर, रोशनाई थाना रनियां जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 03.05.2025 को शिकायतकर्ता का मोबाइल खो जाने पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता के मोबाइल से यू.पी.आई. के माध्यम से ₹ **88,675/-** रुपये ट्रान्सफर कर साइबर धोखाधड़ी की शिकायत एन.सी.आर.पी. पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी। उक्त शिकायत पर जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना रनियां पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की कटी हुई धनराशि ₹ **45,654/-** खाते में वापस करायी गयी। शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना रनियां जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹ 45,654 /-

धनराशि वापस कराने वाली थाना रनिया पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गौतम
2. का0 989 अंकित देशवार
3. का0 579 दुर्गेश सिंह